**एनेक्सर 1**

## कार्यालय उप संचालक, बफरजोन वनमण्डल कान्हा टाइगर रिजर्व, मण्डला म.प्र.

**Phone - 07642-250760 E-mail – fdknpb.mdl@mp.gov.in**

### निविदा की मुख्य शर्ते निम्नानुसार है :–

1. निविदाएं केवल ई टेण्डरिंग के माध्यम से ही ऑनलाइन क्रय एवं जमा की जा सकती है, निविदा क्रय हेतु निविदा प्रपत्र की कीमत रूपये 500/– (प्रोसेसिंग शुल्क) तथा निविदा हेतु अमानत निधि की राशि 20,000/– (रू. बीस हजार मात्र), उप संचालक, बफरजोन वनमण्डल का.टा.रि. के पक्ष में जमा कर पावती/चालान की स्केन प्रति अपलोड किया जाना है ।
2. निविदाकार की निविदा स्वीकृत हो जाने पर कार्य आदेश जारी होने के पूर्व रूपये 500.00 के स्टाम्प पेपर पर अनुबंध संपादित करते हुए पृथक–पृथक निविदा समूह के लिये पृथक–पृथक धरोहर राशि (Performing security deposite) जमा करना होगा। समूह– हेतु धरोहर राशि रू. 25,000.00 (रू. पच्चीस हजार मात्र), का एफ.डी.आर. उप संचालक, बफरजोन वनमण्डल कान्हा टाइगर रिजर्व मण्डला के नाम (राष्ट्रीयकृत बैंक से जारी) पर 12 माह की अवधि हेतु देय दर्शाते हुए जमा किया जाना आवश्यक होगा। अनुबंध अनुसार एफ.डी.आर. जमा नही किये जाने की स्थिति में ऑनलाइन अमाानत की राशि राजसात कर द्वितीय निविदाकार के द्वारा प्रस्तुत दरों पर विचार किया जावेगा।
3. निविदा में दरों की स्वीकृति एवं अनुबंध निष्पादन पश्चात् असफल निविदाकारों की जमा राशि मुक्त की जावेगी ।
4. निविदा दर निर्धारित फार्म BOQ में फर्म के जीएसटी नम्बर दर्शाते हुए प्रस्तुत की जावेगी। वर्ष 2021–22,2022.23 की जी.एस.टी. रिटर्न दाखिल किये जाने की पुष्टि हेतु रिटर्न की पी.डी.एफ. प्रति संलग्न की जावेगी।
5. निविदाकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2021–22 ,2022–23 का आयकर रिटर्न की पी.डी.एफ.प्रति संलग्न की जावेगी।
6. तकनीकी प्रतिवेदन में फर्म का जी.एस.टी. पंजीयन, प्रोप्राईटर का आधारकार्ड, पेनकार्ड, उपार्जनकर्ता अभिकरण का पंजीयन (लोक निर्माण विभाग/एम.एस.एम.ई.), सभी बिन्दुओं के लिये शासकीय विभाग में विगत 3 वर्षों में किए गये कार्य के संबंध में तथ्यात्मक अभिलेख अथवा संबंधित कार्यालय द्वारा जारी प्रमाण पत्र दर्शाये जावेंगे ।
7. निविदाकार फर्म का विगत 3 वर्ष 2020–21, 2021–22 एवं 2022–23 में औसत वार्षिक टर्न ओवर रू. 25.00 लाख पुष्टि हेतु जी.एस.टी.आर. 9/9 सी फार्म की स्वयं सत्यापित प्रति।
8. सामग्री की अनुमानित मात्रा की सूचना वर्ष में स्वीकृत एवं स्वीकृति हेतु प्रस्तावित कार्यों के आधार पर दर्शाई गई है। अतः निविदा स्वीकृति पश्चात् सामग्री प्रदाय की स्थिति में मात्रा में कमी अथवा अधिकता की स्थिति निर्मित हो सकती है तथापि मांग अनुसार सामग्री प्रदाय करना अनिवार्य होगा ।
9. प्रदाय की जाने वाली सामग्री बोल्डर निविदा प्रपत्र में दर्शित अनुसार न्यूनतम 70 एम.एम. से अधिकतम 250 एम.एम.माप में होगी। निर्धारित माप से कम होने, अथवा अनियमितता की स्थिति में, सामग्री स्वीकार नहीं की जावेगी एवं गुणवत्ताविहीन सामग्री के मौके पर से उठाने का समस्त व्यय संबधित प्रदायकर्ता को वहन करना होगा ।
10. निविदा में दर्शित सामग्री उप संचालक/सहायक संचालक/परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा प्रदाय आदेश जारी होने के 10 दिवस के अंदर प्रदाय करना आवश्यक होगा। प्रदाय आदेश में उल्लेखित मात्रा

से कम मात्रा में प्रदाय सामग्री भी निविदा की शर्तो के उल्लंघन की श्रेणी की होगी । निर्धारित अवधि में सामग्री प्रदाय न किये जाने पर अन्य स्थानीय प्रदायकर्ता से बाजार दर पर सामग्री क्रय की जा सकेगी। बाजार दर से निविदा दर कम होने पर अंतर की राशि संबधित निविदाकार के आगामी देयकों से अथवा सामग्री हेतु जमा प्रतिभूति/एफ.डी.आर. से वसूली की जावेगी।

11. सामग्री के मौका स्थल पर प्रदाय नही किये जाने पर, प्रदाय आदेश अनुसार संपूर्ण सामग्री प्रदाय नही किये जाने अथवा प्रदायकर्ता द्वारा निविदा शर्तो का उल्लंघन किये जाने की स्थिति में अमानत की राशि राजसात करते हुए प्रदायकर्ता फर्म को 3 वर्ष हेतु काली सूची में डालने की कार्यवाही की जावेगी ।

12. निविदाकार का जी.एस.टी. नंबर. आनलाइन परीक्षण में जीवित/क्रियाशील प्रदर्शित होना आवश्यक है

13. निविदा में स्वीकृत दरें निविदा स्वीकृति दिनांक से एक वर्ष तक के लिये वैध एवं बंधनकारी होगी।

    प्राप्त निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार उप संचालक, बफर, कान्हा टाईगर रिजर्व, मण्डला के पास सुरक्षित होगा।

14. सामग्री के भुगतान में करों की कटौती जैसा की शासन द्वारा निहित हो इस कार्यालय द्वारा की जावेगी।

15. निविदा सामग्री के संतोष जनक प्रदाय की स्थिति में निविदाकार के बैंक खाता में ई–भुगतान किया जावेगा।

16. सामग्री के प्रदाय में प्रदायकर्ता को मूल बिल के साथ शासन को जमा की गई रायल्टी की रसीद भी प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा । रायल्टी भुगतान के अभिलेख न पाये जाने पर शासन द्वारा निर्धारित रायल्टी से कार्यालय द्वारा कम से कम दोगुने की गणना से रायल्टी भुगतान काटकर शेष राशि भुगतान योग्य होगी ।

17. सामग्री के रूप में बोल्डर के प्रदाय हेतु बोल्डर संग्रहण का स्थल निविदाकार द्वारा चयनित राजस्व स्थल होगा । निविदाकार द्वारा वन विभाग के वनक्षेत्र में बोल्डर संग्रहण की स्थिति में भा.व.अ.1927 के प्रावधानों के तहत विधि सम्मत कार्यवाही की जा सकती है ।

18. किसी भी विवाद की स्थिति में अधोहस्ताक्षरकर्ता का निर्णय मान्य एवं बंधनकारी होगा ।

19 सामग्री का प्रदाय मण्डला मुख्यालय से औसत 71–130 कि.मी. दूरस्थ वनक्षेत्र हेतु किया जावेगा। प्राथमिक रूप से उक्त क्षेत्र में सामान्य चौपाया वाहन हेतु पहुच मार्ग उपलब्ध नंही है प्रदायकर्ता को ट्रेक्टर के द्वारा ही परिवहन की स्थिति निर्मित हो सकती है । ट्रेक्टर द्वारा परिवहन की स्थिति में भी ट्राली का मान्य भार के साथ प्रदाय स्थल/वनक्षेत्र में परिवहन दुष्कर हो सकता है निविदाकार इस संबध में कार्यालय/परिक्षेत्र से विस्तृत जानकारी के पश्चात ही निविदा में सम्मिलित होवें ।

21. उपरोक्त निविदा के क्रियान्वयन में उत्पन्न विवाद की स्थिति में अपील क्षेत्र संचालक, कान्हा टाईगर रिजर्व, मण्डला के समक्ष की जा सकेगी।

**उप संचालक,**
**बफरजोन वनमण्डल**
**कान्हा टाइगर रिजर्व**
**मण्डला**

# एनेक्सर 2

# कार्यालय क्षेत्र संचालक, कान्हा टाइगर रिजर्व, मण्डला म.प्र.

**Phone - 07642-250760 E-mail – fdknp.mdl@mp.gov.in**

**तकनीकी निविदा हेतु आवश्यक अभिलेख** :—

1. प्रदायकर्ता फर्म द्वारा विगत तीन वित्तीय वर्षों 2021—22 ,2022—23 एवं 2023.24 में शासकीय संस्थान को सामग्री प्रदाय किये जाने से संबधित प्रदाय आदेश की छायाप्रति अथवा प्रमाण पत्र।
2. 100 रू. के स्टाम्प निर्धारित बिन्दुओं को उल्लेखित करते हुए नोटरी के सम्मुख प्रस्तुत शपथ पत्र
3. निविदाकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2021—22 एवं 2022—23 का आयकर रिटर्न की पी.डी.एफ. प्रति संलग्न की जावेगी।
4. निविदाकार फर्म का विगत 3 वर्ष में औसत वार्षिक टर्नओवर रू. 25.00 लाख पुष्टि हेतु जी.एस.टी.आर. 9/9 सी. फार्म की स्वयं सत्यापित (स्केन प्रति)।
5. जी.एस.टी. पंजीयन, प्रोप्राईटर का आधारकार्ड, पेनकार्ड, की स्केन प्रति।
6. आनलाइन अमानत की राशि 20,000/— (रू. बीस हजार मात्र), जमा किये जाने की रसीद (स्केन प्रति)
7. प्रस्तावित सभी आइटम के लिये उपार्जनकर्ता अभिकरण का पंजीयन (लोक निर्माण विभाग/एम.एस.एम.ई.),की स्केन प्रति।
8. निविदा आनलाइन ही स्वीकार्य होगी । भौतिक निविदा मान्य नहीं की जावेगी ।
9. प्रस्तावित दरें ,मौका स्थल तक परिवहन, रायल्टी एवं अन्य सभी व्यय सहित होगी ।

प्रत्येक अभिलेख को निविदाकार द्वारा फर्म की मुद्रा के साथ स्वयं सत्यापित किया जावेगा ।

**उप संचालक**
**बफरजोन वनमण्डल**
**कान्हा टाइगर रिजर्व,मण्डला**

# एनेक्सर 3

**निविदाकार फर्म से संबधित जानकारी :–**

उपरोक्त विषयानुक्रम में हमारी संस्था की जानकारी निम्नानुसार है :–

| क्रमांक | शीर्षक | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | फर्म का नाम | |
| 2 | फर्म का जी.एस.टी. नं. | |
| 3 | फर्म का वार्षिक टर्न ओवर | |
| | 2020-21 | |
| | 2021-22 | |
| | 2022-23 | |
| 4 | पत्र व्यव्हार का पता | |
| 5 | पत्र व्यव्हार के लिए ई–मेल आई.डी. | |
| 6 | फर्म के प्रतिनिधि का नाम | |
| 7 | पदनाम | |
| 8 | दूरभाष नंबर | |
| 9 | मोबाइल एवं व्हाट्स नंबर | |

**प्रमाणपत्र**

प्रमाणित किया जाता है कि हमारी फर्म द्वारा निविदा पत्रक में दर्शित समस्त बिन्दुओं/निर्देशों का गंभीरता पूर्वक अवलोकन किया गया है। समस्त शर्तों के अवलोकन उपरांत हमारी फर्म ई–निविदा में दर्शित सामग्री क्रय के प्रस्ताव पर आगामी 12 माह में फर्म हेतु स्वीकृत दरों पर सामग्री प्रदाय हेतु अपनी पूर्ण सहमति व्यक्त करती है।

स्थान

दिनांक

**फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर**

**एवं फर्म की मुद्रा**

# एनेक्सर 4

**/ /प्रारूप 1/ /**

**(निविदा पत्र 'क' के एनेक्सर 2 के बिन्दु कमांक 2 के अनुसार)**

**( रू. 100 के गैर न्यायिक स्टांप पेपर पर नोटरी से सत्यापित)**

शपथ पत्र

मैं./हम.......................... प्रोपराइटर/मेसर्स.......................................... पिता .................... निवासी ....... .........स्वयं अथवा मेसर्स ............................................ की ओर से शपथ पूर्वक निम्नाकिंत कथन करता हूँ कि

1. मेरे द्वारा निविदा में भरे गये समस्त पत्रों एवं जानकारी हेतु मैं पूर्णरूप से जबाबदेह हूँ
2. मेंरे द्वारा निविदा पत्रक का भली भांति अवलोकन किया गया है । मेंरे द्वारा दी गई सूचना पूरी तरह सत्य एवं विश्वास योग्य है ।
3. यह कि फर्म को कभी भी दिवालिया घोषित नही किया गया है ।
4. यह कि विगत 3 वर्ष में (वर्ष 2020–21 से 2022–23) में फर्म को किसी भी शासकीय संस्थान द्वारा काली सूची में नंही डाला गया है ।
5. यह कि मेरे द्वारा फर्म के वित्तीय लेनदेन/वार्षिक आय की स्थिति से संबधित जानकारी पूरी तरह सत्य है ।
6. यह कि इस शपथपत्र में दी गई जानकारियॉ असत्य पाये जाने पर मेरे निविदा प्रस्ताव निरस्त कर सुरक्षा निधी जप्त करने का अधिकार उप संचालक, बफरजोन वनमण्डल कान्हा टाईगर रिजर्व, मण्डला को होगा ।
7. यह कि निविदा में प्रस्तुत सभी शर्ते मुझे मान्य हैं निविदा स्वीकृति उपरांत किसी भी शर्त के संबध में कोई विवाद मेरे द्वारा नंही किया जावेगा ।

शपथग्रहिता

**सत्यापन**

मैं/हम............................................ शपथ ग्रहिता सत्यापित करता हूँ कि मेरे द्वारा निष्पादित उक्त शपथ पत्र के बिन्दु कमांक 1 से 5 में वर्णित कथन मेरे द्वारा पूर्ण अवलोकन उपरांत शपथ पूर्वक हस्ताक्षरित किये गये हैं ।

शपथ ग्रहिता

# कार्यालय उप संचालक, बफरजोन वनमण्डल कान्हा टाईगर रिजर्व, मण्डला (म.प्र.)

Ph. No. 07642-250760, Fax. No. 07642-251266
E-mail: fdknpb.mdl@mp.gov.in

**क्रमांक/मा.चि./** **मण्डला, दिनांक/**

**प्रति,**

**संचालक**
जन संपर्क (विज्ञापन शाखा)
बाण गंगा (न्यू मार्केट के पास)
भोपाल

**विषय :** सामग्री क्रय हेतु निविदा का प्रकाशन।

कृपया इस पत्र के साथ संलग्न प्रारूप निविदा का प्रकाशन दिनांक 17.06.2024 के पूर्व राज्य स्तर के किन्हीं तीन प्रतिष्ठित हिन्दी समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

कृपया प्रकाशित निविदा सूचना वाले समचार पत्रों की स्पेसीमेन प्रति इस कार्यालय के रिकार्ड हेतु भेजने का कष्ट करें।

**सहपत्र :** निविदा विज्ञप्ति प्रारुप।

**उप संचालक**
**बफरजोन वनमण्डल**
**कान्हा टाइगर रिज़र्व**
**मण्डला (म.प्र.)**

# कार्यालय उप संचालक, बफ़र जो़न वनमण्ड़ल, कान्हा टायगर रिजर्व,मण्डला (म0प्र0) 481661

Ph. No. 07642-253197.Fax. No.07642-251266
E-mail: ddknpb.mdl.@mp.gov.in

## // अल्पकालिक ई–निविदा सूचना //

**क्रमांक/लेखा/** **मण्डला दिनांक**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उप संचालक बफ़र जो़न वनमण्ड़ल, कान्हा टाइगर रिजर्व मण्डला के मण्डला एवं बालाघाट जिले के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 में विभिन्न स्थलों पर गेबियन संरचना निर्माण से संबधित कार्यो हेतु बोल्डर प्रदाय बावद् संलग्नानुसार उल्लेखित शर्तों के अधीन ई–निविदा आंमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म का मूल्य 500/– रूपये है। निविदाएं मध्यप्रदेश शासन की साइट www.mptender.gov.in एवं website kanhatigerreserve.org पर देखी जा सकती हैं । निविदा पूर्णतः आनलाइन प्राप्त तथा प्रस्तुत की जावेंगी । आफलाइन/भौतिक निविदा मान्य नंही होगी ।

| क्र. | कार्य का विवरण | स्थल संख्या | अनुमानित मात्रा | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्राकृतिक अथवा क्रस्ड साइज 70 एम.एम. से 250 एम.एम. के मध्य आकार के बोल्डर का वन क्षेत्रों में निर्माण स्थल तक परिवहन कर प्रदाय | 90 | 2950 घ.मी. | 20000 रू. बीस हजार |
| | | | | |

निविदा प्रकि्रया की महत्वपूर्ण तिथियॉ निम्नानुसार है :–

| प्रकि्रया विवरण | तिथी से तिथी तक | | समय से समय तक | |
|---|---|---|---|---|
| निविदा प्रकाशन | 21.6.2024 | – | 13.00 | – |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड | 21.6.2024 | – | 14.00 | – |
| पूछताछ/स्पस्टीकरण प्रांरभ | 21.6.2024 | 22.6.2024 | 14.00 | 16.30 |
| आनलाइन बिड जमा प्रांरभ | 23.6.2024 | – | 16.35 | |
| आनलाइन बिड जमा बंद | 29.6.2024 | – | 12.00 | |
| तकनीकी बिड खोलना | 1.7.2024 | – | 14.00 | |
| वित्तीय बिड खोलना | 1.7.2024 | – | 17.00 | |

निविदा खोलने तथा अन्य महत्वपूर्ण सूचनाओं का प्रकाशन एम.पी.टेण्डर की वेबसाइट www.mptender.gov.in ही किया जावेगा ।

**(अमिता के.बी.)**
**भा.व.से.**
**उप संचालक**
**बफ़र जो़न वनमण्ड़ल**
**कान्हा टाइगर रिजर्व मण्डला(म.प्र.)**

# कार्यालय उप संचालक, बफ़र जो़न वनमण्ड़ल, कान्हा टायगर रिजर्व,मण्डला (म0प्र0) 481661

Ph. No. 07642-253197.Fax. No.07642-251266
E-mail: ddknpb.mdl.@mp.gov.in


## // संशोधित ई–निविदा सूचना //

क्रमांक/लेखा/ मण्डला दिनांक

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित ई– निविदा सूचना क्रमांक 1704 दिनांक 14.6.2024 जिसका संबध वन क्षेत्रों में बोल्डर प्रदाय से है, में मात्रा के संबध में उल्लेखित पूर्व विवरण 10980 घ.मी. के स्थान पर 2950 घ.मी सशोंधित मात्रा के साथ निम्न अनुसार पढा जावे

| क्र. | कार्य का विवरण | स्थल संख्या | मत्रा | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्राकृतिक अथवा क्रस्ड साइज 70 एम.एम.से 250 एम.एम. के मध्य आकार के बोल्डर का वनक्षेत्रों में निर्माण स्थल तक परिवहन कर प्रदाय | 90 | 2950 घ.मी. | 20000<br>रू. बीस हजार |
| | | | | |

(अमिता के.बी.)
भा.व.से.
उप संचालक
बफ़र जो़न वनमण्ड़ल
कान्हा टाइगर रिजर्व मण्डला(म.प्र.)

# कार्यालय उप संचालक, बफरजोन वनमण्डल कान्हा टाईगर रिजर्व, मण्डला (म.प्र.)

Ph. No. 07642-250760, Fax. No. 07642-251266
E-mail: fdknpb.mdl@mp.gov.in

**क्रमांक / लेखा. /** **मण्डला, दिनांक /**

**प्रति,**

**संचालक**
जन संपर्क (विज्ञापन शाखा)
बाण गंगा (न्यू मार्केट के पास)
भोपाल

**विषय :** निविदा सूचना में संशोधन बावद्।
**संदर्भः–** **इस कार्यालय की निविदा विज्ञप्ति कमांक 1704 दिनांक 14.06.2024**

कृपया पत्र के साथ सलग्न निविदा संशोधन क्रमांक 1718 दिनांक 15.06.2024 में आशिंक संशोधन से संबधित विज्ञप्ति को प्रदेश के कम से कम तीन प्रचलित अखबारों में प्रकाशित करने का कष्ट करें ।

कृपया प्रकाशित निविदा सूचना वाले समचार पत्रों की स्पेसीमेन प्रति इस कार्यालय के रिकार्ड हेतु भेजने का कष्ट करें।

**सहपत्र** : संशोधित निविदा विज्ञप्ति प्रारुप।

**उप संचालक**
**बफरजोन वनमण्डल**
**कान्हा टाइगर रिज़र्व**
**मण्डला (म.प्र.)**